## समाचार संक्षेप

### राज्य ओपन स्कूल की परीक्षाएं 18 अगस्त से

रायपुर, 24 जून (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर में अगस्त सितंबर 2025 सत्र की कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षाओं के लिए समय सारिणी घोषित कर दी है। निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार उक्त परीक्षाएं 18 अगस्त से शुरू होकर 3 सितंबर को समाप्त होंगी। दसवीं की परीक्षा 18 अगस्त से 1 सितंबर तक एवं बारहवीं की परीक्षा 18अगस्त से 3 सितंबर तक चलेंगी। परीक्षाएं सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक एक ही पाली में आयोजित की गई है। परीक्षा की जानकारी समीपवर्ती अध्ययन केंद्र से अभ्यर्थी प्राप्त कर सकते हैं।

### प्रसव के बाद महिला की मौत

रायपुर, 24 जून (एजेंसी)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बीरगांव में प्रसव के बाद महिला की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजना कुमार को निलंबित कर दिया है।

जांच में सामने आया कि डिलीवरी के बाद रात के समय अस्पताल में कोई भी चिकित्सा अधिकारी ड्यूटी पर मौजूद नहीं था। इसके अलावा डॉ. अंजना कुमार ने मरीज की हालत का जरूरी फॉलोअप नहीं लिया, जिससे लापरवाही के चलते प्रसूता की मौत हो गई।

### अश्लील वीडियो देखने व दिखाने वाला आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग, 24 जून (एजेंसी)। जिले की थाना खुर्सीपार जिला पुलिस ने अश्लील वीडियो अपलोड कर देखने व अन्य लोगों को दिखाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया! बता दे कि दिनांक 24.06.2025 को खुर्सीपार के आईटीआई मैदान के पास एक पेड़ के नीचे एक व्यक्ति द्वारा अश्लील वीडियो दिखा रहे हैं की सूचना पर थाना खुर्सीपार पेट्रोलिंग द्वारा हुलिया के आधार प्राप्त सूचना के आधार पर आईटीआई मैदान के पास एक पेड़ के पास एक व्यक्ति मोबाइल देख रहा था जिसके पास जाकर पुलिस पेट्रोलिंग द्वारा *पूछताछ करने से जो अपना नाम दिलावर हुसैन जो मोबाइल पर अश्लील वीडियो देखने व अन्य लोगों को दिखाने की बात स्वीकार करने पर उक्त आरोपी के विरुद्ध थाना खुर्सीपार में अपराध क्रमांक 127/25 धारा 67 ( ए) आईटी एक्ट के तहत कायम कर आरोपी को विधिवत दिनांक 24.06.2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया ।

# रायपुर दौरे पर सचिन पायलट, कांग्रेस की मैराथन बैठक में गहमागहमी

## भूपेश बघेल और सीनियर नेताओं के बीच तीखी चर्चा



रायपुर, 24 जून (एजेंसी)। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट दो दिवसीय दौरे पर रायपुर पहुंचे। इस दौरान राजीव भवन में पार्टी की एक अहम बैठक हुई, जिसमें प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के बीच जमकर बहस और असहमति देखने को मिली। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अनुशासनहीनता पर नाराजगी जताई और स्पष्ट शब्दों में कहा कि कोई भी नेता जब चाहे जो बयान दे देता है, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

बताया जा रहा है कि बैठक में वरिष्ठ नेताओं ने भी नाराजगी जाहिर की और कहा कि उन्हें संगठन में जिम्मेदारी नहीं दी जा रही है, जबकि उनके अनुभव का लाभ उठाना चाहिए। चर्चा के दौरान भूपेश बघेल ने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत से सवाल किया कि वे मुख्यमंत्री पर सीधा हमला करने से क्यों बचते हैं। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को सरकार के खिलाफ मुखर होना चाहिए। वहीं, सचिन पायलट ने भी प्रदेश सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के सत्र कम समय के लिए बुलाए जाते हैं, सरकार जवाब देने से बचती है और सदन में निष्पक्ष बहस नहीं हो पाती। उन्होंने कहा, यहां बहुत कुछ छुपाया जा रहा है।

बैठक से पहले रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए पायलट ने कहा कि राज्य की कानून-व्यवस्था कमजोर होती जा रही है और ऐसा प्रतीत होता है कि प्रदेश का नियंत्रण दिल्ली से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन्हें जनता ने शासन चलाने का जनादेश दिया है, वे भी हर निर्णय के लिए दिल्ली की ओर देख रहे हैं। नक्सल मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पायलट ने कहा कि कांग्रेस हिंसा के खिलाफहै, लेकिन नक्सल समस्या से निपटने के लिए पारदर्शी और संवेदनशील तरीके अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह आंतरिक सुरक्षा का विषय है और इसमें सभी पक्षों को विश्वास में लेकर कदम उठाए जाने चाहिए।

सचिन पायलट ने बताया कि बैठक के दौरान पार्टी की आगामी रणनीति पर चर्चा की जाएगी। संगठन के कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ 2025 की रणनीतिक रूपरेखा भी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने संगठन निर्माण को समर्पित किया है। बूथ स्तर से लेकर प्रदेश नेतृत्व तक बदलावों पर विचार किया जाएगा।

## शहीद एएसपी आकाश गिरपुंजे के परिजनों से मिले सचिन पायलट



रायपुर, 24 जून (एजेंसी)। नक्सली हमले में शहीद हुए एएसपी आकाश गिरपुंजे के परिजनों से मिलने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट पहुंचे। उन्होंने शोकग्रस्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और भरोसा दिलाया कि राज्य और केंद्र सरकारों की ओर से हर संभव सहायता की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भी हर तरह से परिवार के साथ खड़ी है।

अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान पायलट के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत भी मौजूद रहे। इस मौके पर पायलट ने कहा कि ऐसे नक्सली हमले समाज में भय का माहौल पैदा करते हैं और इन पर सख्त रोक लगानी होगी। उन्होंने कहा कि शहीद आकाश गिरपुंजे की बहादुरी पर पूरे देश को गर्व है।

सचिन पायलट ने दो टूक कहा कि आतंकवाद और नक्सलवाद जैसे विचारों का समाज में कोई स्थान नहीं है और इनसे सख्ती से निपटना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी देशविरोधी ताकतें हैं, उन्हें हर हाल में पराजित करना होगा।

उन्होंने यह संदेश दिया कि समाज को हिंसा की नहीं, बल्कि शांति और एकता की जरूरत है। शहीद गिरपुंजे ने अपनी ड्यूटी निभाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# यादव समाज को सरकार नहीं दे रही पर्याप्त महत्व, 10 जुलाई को घेरेंगे

रायपुर, 24 जून (एजेंसी)। छग सर्व यादव समाज द्वारा अपनी उपेक्षा किये जाने को लेकर अनेकोंबार विभिन्न मंचों से सरकार से पर्याप्त महत्व दिये जाने की मांग पिछले कई वर्षों से की जा रही है। किंतु सरकार द्वारा यादव समाज को पर्याप्त महत्व नहीं दिये जाने पर उनमें बेहद नाराजगी है। यादव समाज के प्रमुख गुलेंद्र यादव एवं रामकृपाल यादव द्वारा इस संबंध में सरकार द्वारा निगम मंडलों गौ सेवा आयोग आदि में स्थान नहीं दिये जाने पर अपनी उपेक्षा को लेकर गहरा दुख व्याप्त है। पिछले दिनों यादव समाज की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि यदि सरकार द्वारा शासन में समाज के लोगों को प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाता है तो 10 जुलाई को समाज के हजारों सदस्य मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। गौरतलब है कि यादव समाज का शुरू से ही पेशा गौ पालन एवं दुग्ध उत्पादन से रहा है इसके बावजूद भी गौ सेवा आयोग में अन्य समाज के सदस्यों की नियुक्ति होती रही है। यादव समाज शुरू से ही गौ पालन के क्षेत्र में गौ माता की सेवा करते रहे हैं। समाज के पदाधिकारियों के अनुसार डेयरी उद्योग एवं दुग्ध उत्पादन से संबंधित अन्य कार्यों के लिए युवा बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार से मांग की गई है जिसकी उपेक्षा की गई है। ज्ञातव्य है कि यादव समाज की प्रदेश में 12 लाख से भी अधिक जनसंख्या है। इतनी बड़ी आबादी को प्रतिनिधित्व नहीं मिलना पदाधिकारियों के अनुसार समाज के प्रति पक्षपातपूर्ण व्यवहार है।

## शराब पीकर वाहन चलाने वाले 9 वाहन चालकों पर कार्यवाही

बलौदाबाजार-भाटापारा, 24 जून (एजेंसी)। जिला पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए 9 वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 22.06.2025 को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 09 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी 09 वाहनों को विधिवत कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के ऊपर सखूती से लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि सभी यातायात के नियमो का पालन करें किसी भी स्थिति में शराब पीकर वाहन न चलावे।

## पायलट ने कहा- मोदी और शाह के दौरे के बाद भी राज्य बदहाल, डबल इंजन फेल

रायपुर, 24 जून (एजेंसी)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के छत्तीसगढ़ दौरे पर 7 जुलाई को आएंगे। यहां पर किसान जवान संविधान' जनसभा में शामिल होंगे। यह जानकारी छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने दी। उन्होंने राजीव भवन में एक प्रेसवार्ता में प्रदेश की सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह के दौरे के बाद भी राज्य का हाल बेहाल है। यहां की डबल इंजन सरकार फेल है। सचिन पायलट ने अपने प्रवास के दौरान कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत सहित वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में प्रेस वार्ता ली. उन्होंने बताया कि मल्लिकार्जुन खरगे 7 जुलाई को वे छत्तीसगढ़ आएंगे। रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित 'किसान जवान संविधान' जनसभा में शामिल होंगे। आयोजन में लगभग 50 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है।

***कांग्रेस सरकार की 17 योजनाएं सरकार ने बंद किया***

सचिन पायलट ने कहा सभी नेताओं, पदाधिकारियों, ज़िलाध्यक्षों और अध्यक्षों से सार्थक चर्चा हुई है। डेढ़ साल पहले जिन वादों के साथ बीजेपी ने वोट मांगा। ये सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। किसी क्षेत्र में ये सरकार कामयाबी बाहर के नेताओं को लाकर इन्हें अपनी पीठ थपथपाने पड़ती है। कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि प्रदेश में आज डीएपी कहीं नहीं है। प्रदेश भर में किसान परेशान हैं। एनपीके सरकार दे रही है, वो भी पर्याप्त नहीं है। किसानों से सरकार मुँह फेर रही है। हर जिले में लूट, बलात्कार और गोलियाँ चल रही है। कांग्रेस सरकार की 17 योजनाओं को सरकार ने बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र के सहयोग के बाद 37 हज़ार करोड़ का लोन सरकार ले चुकी है. शिक्षकों के साथ अन्याय हो रहा है। पूरी कांग्रेस पार्टी मज़बूती से लड़ाई लड़ेगी। सरकार पुलिस का उपयोग कर कांग्रेस को प्रताड़ित कर रही है। पार्टी कार्यालय को सील किया गया, इस सरकार ने सत्ता प्राप्ति से कुछ भी करना दिल्ली से सीखा है।

### गृहमंत्री विजय शर्मा ने काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन किया

वाराणसी/रायपुर, 24 जून (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने वाराणसी प्रवास के दौरान काशी के प्राचीन एवं प्रसिद्ध श्री काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की। गृहमंत्री ने अपने आधिकारिक ङ्ग (पूर्व ट्विटर) अकाउंट के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए लिखा कि उन्हें काशी के कोतवाल माने जाने वाले श्री काल भैरव के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने पूरे प्रदेश के कल्याण के लिए भगवान से आशीर्वाद मांगा।

## ई-रिक्शा चालकों को गुलाब देकर यातायात नियमों का पालन करने दी गई समझाईश

दुर्ग, 24 जून (एजेंसी)। यातायात पुलिस द्वारा ऑपरेशन सुरक्षा अभियान के तहत ई रिक्शा चालको को सुपेला चौक में रोककर गुलाब फूल देकर यातायात नियमों का पालन करने समझाईस दी गई। ई रिक्शा चालको को वर्दी पहने, क्षमता से अधिक सवारी ना बैठाने, बिना लाससेंस वाहन ना चलाने की भी समझाईस दी गई।

यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा जिले की यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने हेतु ऑपरेशन सुरक्षा अभियान चलाकर सडक के चार प्रमुख बिन्दुओं पर कार्य किया जा रहा है जिसमें सडको एवं चैक चैराहो की अभियात्रिकी त्रुटि को दूर करना, सडको से अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा को हटाना, वाहन चालको को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना एवं सडक दुर्घटना में होने वाली मौत के कारण एवं लापरवाह चालको पर सख्त कार्यवाही किया जा रहा है।

आज दिनांक को सुपेला चौक में यातायात पुलिस दुर्ग एवं एनएसएस रूगंटा कॉलेज के छात्रो द्वारा ई रिक्शा चालको को वाहन चलाते समय निर्धारित वर्दी पहनने, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने, बिना लाससेंस के वाहन ना चलाने ई वाहन चलाते समय आते-आते नियमों का पालन करने, ई रिक्शा चालको को गुलाब फूल देकर समझाईस दी गई। आने वाले दिनो मे जिले में संचालित सभी ई रिक्शा चालकों का सत्यापन कर जोन बाटा जावेगा।

आज के इस अभियान में 175 ई रिक्शा चालकों को समझाइए दी गई इस दौरान यातायात पुलिस के अधिकारी कर्मचारी, रूंगटा कॉलेज के टीचर एवं एनएसएस के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## ब्रह्माकुमारीज़ की प्रथम मुख्य प्रशासिका की 60 वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि

रायपुर, 24 जून (एजेंसी)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारी ओम राधे की 60 वीं पुण्य तिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। विधानसभा रोड पर स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में एक सादे समारोह में ब्रह्माकुमारी ओम राधे के चित्र पर माल्यार्पण कर रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी किरण दीदी, ब्रह्माकुमारी चन्द्रकला दीदी, इति दीदी एवं सौम्या दीदी सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बतलाया कि ब्रह्माकुमारी ओम राधे को सभी ब्रह्मावत्स मातेश्वरी या मम्मा कहकर बुलाते थे। उन्होंने हमारे जीवन को ऊंचा उठाने के लिए श्रेष्ठ धारणाएं बतलाईं। उनके जीवन में सच्चाई और सफाई का विशेष गुण था। उनका कहना था कि जीवन की हर घड़ी को अन्तिम घड़ी समझकर चलो। इससे अपने कर्मों पर अटेन्शन बना रहेगा। उन्होंने हम सभी को ईश्वरीय मर्यादाएं और नियम बतलाए। आज भी उनकी सूक्ष्म प्रेरणा हम सभी को मिलती रहती है। उनके सामने कैसी भी परिस्थिति आई लेकिन वह कभी विचलित नहीं हुईं। उन्होंने कठिन योग-साधना से स्वयं को इतना शक्तिशाली बना लिया था कि कैसा भी क्र ोधी व्यक्ति उनके सामने आता था तो वह उनके आभामण्डल के प्रभाव से सम्मुख आकर शांत हो जाता था। उल्लेखनीय है कि मातेश्वरी जी का लौकिक जन्म वर्ष 1919 में अमृतसर में हुआ था। उनके बचपन का नाम ओम राधे था। जब वह ओम की ध्वनि का उच्चारण करती थीं तो पूरे वातावरण में गहन शांति छा जाती थी। इसलिए वह ओम राधे के नाम से लोकप्रिय हुईं। वह बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि और प्रतिभावान थीं। ब्रह्मा बाबा ने कोई भी बात आपको कभी दोबारा नहीं समझायी। आप एक बार जो बात सुन लेती थीं उसी समय उसे अपने कर्म में शामिल कर लेती थीं। 24 जून 1965 को आपने अपने नश्वर देह का त्याग करके संपूर्णता को प्राप्त किया था।

### कार्यालय अधीक्षण अभियंता
### लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर

Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com/se.kanker@nic.in, Fa& No. 07868-224040

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित भवन कार्य हेतु दिनाँक 12.07.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई. टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 41 | 170326 | जिला नगर सेनानी कोण्डागांव में प्रशासनिक भवन एवं स्टोर निर्माण का कार्य। | 68.63 लाख |
| 02 | 42 | 170327 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग केशकाल अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत एवं लघु मूल गौण कार्य। | 19.98 लाख |
| 03 | 43 | 170328 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 01 कोण्डागांव अंतर्गत आवासीय भवनों में रंगाई-पोताई का कार्य। | 15.00 लाख |
| 04 | 44 | 170329 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 01 कोण्डागांव अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण मरम्मत एवं वाटरप्रूफिंग कार्य। | 15.00 लाख |
| 05 | 45 | 170330 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 01 कोण्डागांव अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में रंगाई-पोताई का कार्य। | 15.00 लाख |
| 06 | 46 | 170331 | पखांजूर अनुविभाग के अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य। | 20.00 लाख |
| 07 | 47 | 170333 | पखांजूर अनुविभाग के अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई कार्य। | 20.00 लाख |
| 08 | 48 | 170334 | भानुप्रतापपुर अनुविभाग अंतर्गत शासकीय आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई कार्य। | 20.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।

नोटः- प्रथम आमंत्रण

डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि 12.07.2025

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर

जी-252601746/3


# रथ यात्रा
## के लिए स्पेशल ट्रेनें



पूर्व तट रेलवे द्वारा समर्पित सेवा

**01. गुण्डिचा यात्रा के लिए पुरी आनेवाली स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन सं. | स्पेशल ट्रेनों के नाम | प्रस्थान की तारीख | मूल स्टेशन से प्रस्थान का समय | आगमन की तारीख | पुरी में आगमन का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 08443 | गुणुपुर-पुरी | 26.06.25 | 1830 | 27.06.25 | 0215 |
| 08437 | ब्रह्मपुर-पुरी | 27.06.25 | 0615 | 27.06.25 | 1320 |

**02. गुण्डिचा यात्रा के लिए पुरी से जानेवाली स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन सं. | स्पेशल ट्रेनों के नाम | पुरी से प्रस्थान की तारीख | पुरी से प्रस्थान की समय | गंतव्य स्टेशन में आगमन का तारीख | गंतव्य स्टेशन में आगमन का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 08438 | पुरी -ब्रह्मपुर | 27.06.25 | 1940 | 28.06.25 | 0045 |
| 08428 | पुरी-गुणुपूर | 28.06.25 | 0245 | 28.06.25 | 1230 |

**03. बाहुड़ा यात्रा के लिए पुरी आनेवाली स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन सं. | स्पेशल ट्रेनों के नाम | प्रस्थान की तारीख | मूल स्टेशन से प्रस्थान का समय | आगमन की तारीख | पुरी में आगमन का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 08443 | गुणुपुर-पुरी | 04.07.25 | 1830 | 05.07.25 | 0215 |
| 08437 | ब्रह्मपुर-पुरी | 05.07.25 | 0615 | 05.07.25 | 1320 |

**04. बाहुड़ा यात्रा के लिए पुरी से जानेवाली स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन सं. | स्पेशल ट्रेनों के नाम | पुरी से प्रस्थान की तारीख | पुरी से प्रस्थान की समय | गंतव्य स्टेशन में आगमन का तारीख | गंतव्य स्टेशन में आगमन का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 08438 | पुरी -ब्रह्मपुर | 05.07.25 | 1940 | 06.07.25 | 0045 |
| 08428 | पुरी-गुणुपूर | 06.07.25 | 0245 | 06.07.25 | 1230 |

**05. शुना बेस के लिए पुरी आनेवाली स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन सं. | स्पेशल ट्रेनों के नाम | प्रस्थान की तारीख | मूल स्टेशन से प्रस्थान का समय | आगमन की तारीख | पुरी में आगमन का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 08443 | गुणुपुर-पुरी | 05.07.25 | 1830 | 06.07.25 | 0215 |
| 08437 | ब्रह्मपुर-पुरी | 06.07.25 | 0615 | 06.07.25 | 1320 |

**06. शुना बेस के लिए पुरी से जानेवाली स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन सं. | स्पेशल ट्रेनों के नाम | पुरी से प्रस्थान की तारीख | पुरी से प्रस्थान की समय | गंतव्य स्टेशन में आगमन का तारीख | गंतव्य स्टेशन में आगमन का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 08438 | पुरी -ब्रह्मपुर | 06.07.25 | 1940 | 07.07.25 | 0045 |
| 08428 | पुरी-गुणुपूर | 07.07.25 | 0245 | 07.07.25 | 1230 |

**07. रथ यात्रा के दौरान पुरी आनेवाली स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन सं. | स्पेशल ट्रेनों के नाम | प्रस्थान की तारीख | मूल स्टेशन से प्रस्थान का समय | आगमन की तारीख | पुरी में आगमन का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 08429 | पलासा-पुरी | 26.06.2025 से 07.07.2025 | 2130 | अगले दिन | 0630 |

**08. रथ यात्रा के दौरान पुरी से जानेवाली स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन सं. | स्पेशल ट्रेनों के नाम | पुरी से प्रस्थान की तारीख | पुरी से प्रस्थान की समय | गंतव्य स्टेशन में आगमन का तारीख | गंतव्य स्टेशन में आगमन का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 08430 | पुरी-पलासा | 27.06.2025 से 08.07.2025 | 1430 | उसी दिन | 2115 |

**09. रथ यात्रा के दौरान पुरी आनेवाली अन्य स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन सं. | स्पेशल ट्रेनों के नाम | प्रस्थान की तारीख | मूल स्टेशन से प्रस्थान का समय | आगमन की तारीख | पुरी में आगमन का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 08445 | जगदलपुर-पुरी | 26.06.25 एवं 04.07.25 | 0900 | अगले दिन | 0115 |
| 08313 | विशाखापट्टनम-पुरी | 27.06.25 एवं 05.07.25 | 0045 | उसी दिन | 1200 |
| *08593 | रायगड़ा-खोरधा रोड | 26.06.25 एवं 04.07.25 | 1100 | उसी दिन | 2355 |

* ट्रेन सं 08593 खोरधा रोड तक चलेगी

**10. रथ यात्रा के दौरान पुरी से आनेवाली अन्य स्पेशल ट्रेन**

| ट्रेन सं. | स्पेशल ट्रेनों के नाम | पुरी से प्रस्थान की तारीख | पुरी से प्रस्थान की समय | गंतव्य स्टेशन में आगमन का तारीख | गंतव्य स्टेशन में आगमन का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 08446 | पुरी-जगदलपुर | 28.06.25 एवं 06.07.25 | 0045 | उसी दिन | 1645 |
| 08314 | पुरी-विशाखापट्टनम | 28.06.25 एवं 06.07.25 | 0215 | उसी दिन | 1300 |
| *08594 | खोरधा रोड-रायगड़ा | 28.06.25 एवं 06.07.25 | 0100 | उसी दिन | 1500 |

* ट्रेन सं 08594 खोरधा रोड से शुरु होगी

पुरी से और पुरी के लिए रथ यात्रा स्पेशल ट्रेनें स्पेशल किराया ट्रेनों के रुप में चलेंगी।
पलासा के रास्ते पुरी आने-जाने वाली सभी ट्रेनें खोरधा रोड के बदले अरगुल-हरिपुरग्राम के रास्ते चलेंगी।

ECOR YATRA APP | UTS ON MOBILE

या प्ले स्टोर से डाउनलोड करें

युटीएस् ऑन मोबाइल पर अनारक्षित पेपरलेस टिकट के लिए

रथ यात्रा मोबाइल ऐप

सभी जानकारी के लिए पूर्व तट रेलवे रथ यात्रा मोबाइल ऐप ECOR YATRA पर जाएं।

गूगल प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड करें

पूर्व तट रेलवे
www.eastcoastrail.indianrailways.gov.in

डायल 139 ट्रेन से संबंधित किसी भी पूछताछ और शिकायत में सहायता के लिए एकीकृत हेल्पलाइन नंबर

D-6/25-26

www.facebook/@EASTCOASTRailway1 www.x.com/@EastCoastRail www.instagram.com/cproecor